मध्यप्रदेश विधान सभा

जून-अगस्त, 1990 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 27 जून, 1990 (आषाढ़ 6, 1912)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री रविन्द्र चौबे/राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, सदस्य, छत्तीसगढ़ के कृषकों को बीज, खाद्य इत्यादि हेतु बैंकों से ऋण न मिलने की ओर सहकारिता मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री रामकृष्ण कुसमरिया, सदस्य, दमोह के निकट डायमंड सीमेंट फ़ैक्ट्री के व्यवस्थापकों [के शोषण] के खिलाफ प्रदर्शनकर्ताओं पर पुलिस द्वारा किये गये लाठी चार्ज की ओर मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. याचिकाओं की प्रस्तुति

श्री अशोक कुमार चौरसिया, सदस्य—

(1) जिला छतरपुर थाना बड़ामलहरा के ग्राम रानीखेरा में पेयजल सुविधा हेतु हैण्डपंप लगाये जाने के संबंध में सरपंच एवं 17 व्यक्तियों की,

(2) जिला छतरपुर विकास खण्ड बड़ामलहरा के ग्राम जंसगुवा में पेयजल की सुविधा कराने के संबंध में सरपंच एवं 26 व्यक्तियों की,

(3) जिला छतरपुर विकास खण्ड बड़ामलहरा के ग्राम रानीताल में पेयजल की सुविधा कराने के संबंध में सरपंच एवं 19 व्यक्तियों की,

(4) जिला छतरपुर विकास खण्ड बड़ामलहरा के ग्राम रानीताल में हाईस्कूल खोले जाने के संबंध में सरपंच एवं 22 व्यक्तियों की, तथा

(5) जिला छतरपुर विकास खण्ड बड़ामलहरा के ग्राम रानीताल में सेवा सहकारी समिति की स्थापना कराये जाने के संबंध में सरपंच एवं 25 व्यक्तियों की,

याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

4. वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा (क्रमशः)

भोपाल :
दिनांक 26 जून, 1990.

विश्वेन्द्र मेहता
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.